# राजस्थान सरकार
## निदेशालय, कोष एवं लेखा, राज., जयपुर

क्रमांक : एफ.4(ई)(ए–968 / 2013) / अलेसे–III / 398 दिनांक :– 26.03.2021

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 68 / 2017–18 दिनांक 30.06.2017 के द्वारा श्री आसुराम (मेरिट नं. 968 बैच 2013 लिंक नं. 12875) को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय कोषाधिकारी, जालोर में पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री आसुराम द्वारा दिनांक 03.07.2017 को कार्यग्रहण किया गया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ. समग्र शिक्षा, जसवन्तपुरा (जालोर) के पत्र क्रमांक 824 दिनांक 23.03.2021 के द्वारा संलग्न कर प्रेषित श्री आसुराम, क0 लेखाकार के प्रार्थना पत्र दिनांक 19.03.2021 द्वारा अवगत करवाया है कि श्री आसुराम के राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के द्वारा प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) विषय भूगोल के पद पर चयन हो जाने पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राज0, बीकानेर के आदेश संख्या शिविरा / मा / संस्था / नियु.पीएससी / 2018 / भूगोल / 2021 दिनांक 18.03.2021 द्वारा रा.उ.मा. विद्यालय, आमलारी (सिरोही) में पदस्थापन किया गया है। श्री आसुराम द्वारा प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) के पद पर कार्यग्रहण करने हेतु वर्तमान में धारित क0 लेखाकार के पद से कार्यमुक्त करने का निवेदन किया है। अतः श्री आसुराम, क0 लेखाकार के आवेदन के आधार पर उनको नवीन पदस्थापन पर कार्यग्रहण करने हेतु वर्तमान धारित क0 लेखाकार के पद से कार्यमुक्त करने की एतद् द्वारा सहमति प्रदान की जाती है। वे अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा नियमानुसार कार्यमुक्त हो सकेंगे। श्री आसुराम का वर्तमान धारित क0 लेखाकार के पद पर नियमानुसार लियन रहेगा। उक्त स्वीकृति निदेशक महोदय के स्तर पर अनुमोदित है।

(शिल्पी कौशिक)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)

क्रमांक : एफ.4(ई)(ए–968 / 2013) / अलेसे–III / 398 दिनांक :– 26.03.2021

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ. समग्र शिक्षा, जसवन्तपुरा (जालोर) ।
2. निजी सचिव, निदेशक महोदय, कार्यालय हाजा।
3. श्री आसुराम, क0 लेखाकार कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ. समग्र शिक्षा, जसवन्तपुरा (जालोर)।
4. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
5. पदस्थापन सीट / निजि / रक्षित पत्रावली।

(लेखराम मीणा)
उप निदेशक (कार्मिक–III)